TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**पुण्यतिथि विशेष**

**06 फरवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

निरंतर अभ्यास और कड़े अनुशासन के बिना किसी भी

कला में निपुणता हासिल करना असंभव है ।



## लता मंगेशकर

**( प्रसिद्ध गायिका )**

जन्म **: 28** सितंबर **1929** मृत्यु **: 06** फरवरी **2022**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

6 फरवरी

मधु प्रिया

## कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी



कवि प्रदीप का मूल नाम 'रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी' था। उनका जन्म मध्य प्रदेश प्रांत के उज्जैन में बड़नगर नामक स्थान में हुआ। कवि प्रदीप की पहचान 1940 में रिलीज हुई फिल्म बंधन से बनी। हालांकि 1943 की स्वर्ण जयंती हिट फिल्म किस्मत के गीत "दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है" ने उन्हें देशभक्ति गीत के रचनाकारों में अमर कर दिया। गीत के अर्थ से क्रोधित तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए। इससे बचने के लिए कवि प्रदीप को भूमिगत होना पड़ा।पांच दशक के अपने पेशे में कवि प्रदीप ने 71 फिल्मों के लिए 1700 गीत लिखे।उनके देशभक्ति गीतों में, फिल्म बंधन (1940) में "चल चल रे नौजवान", फिल्म जागृति (1954) में "आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं", "दे दी हमें आजादी बिना खडग ढाल" और फिल्म जय संतोषी मां (1975) में "यहां वहां जहां तहां मत पूछो कहां-कहां" है। इस गीत को उन्होंने फिल्म के लिए स्वयं गाया भी था।
हिंदी फ़िल्मों के लिये कई यादगार गीत लिखे। भारत सरकार ने उन्हें सन 1997-98 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया।
कवि प्रदीप कुमार के सम्मान में मध्यप्रदेश सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग ने कवि प्रदीप राष्ट्रीय सम्मान की स्थापना वर्ष 2013 में की । पहला कवि प्रदीप राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध गीतकार गोपालदास नीरज को दिया गया। इनकी मृत्यु 11 दिसम्बर 1998 को हुई।

# पुण्यतिथि विशेष 06 फरवरी

"लता दीदी के मधुर स्वरों वाले गीत कई सदियों तक विश्व में भारत का मान बढ़ाती रहेगी "



माँ सरस्वती की सतत् साधिका, स्वर कोकिला, भारतरत्न

## लता मंगेशकर जी

की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन

(28 सितंबर 1929 - 6 फरवरी 2022)

**लता मंगेशकर** (28 सितंबर 1929 – 6 फ़रवरी 2022) भारत की सबसे लोकप्रिय और आदरणीय गायिका थी, जिनका छः दशकों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा पड़ा है। हालाँकि लता ने लगभग तीस से ज्यादा भाषाओं में फ़िल्मी और गैर-फ़िल्मी गाने गाये हैं लेकिन उनकी पहचान भारतीय सिनेमा में एक पार्श्वगायिका के रूप में रही है। अपनी बहन आशा भोंसले के साथ लता जी का फ़िल्मी गायन में सबसे बड़ा योगदान रहा है।

TOB

# खेल कॉर्नर

## टी-20 वर्ल्ड कप में बेस्ट विनिंग% वालीं टॉप-5 टीमें

**भारत** | मैच: 52

| जीत | हार | विनिंग% |
|---|---|---|
| 35 | 15 | 67.31 |

**सा. अफ्रीका** | मैच: 49

| जीत | हार | विनिंग% |
|---|---|---|
| 32 | 16 | 65.31 |

**ऑस्ट्रेलिया** | मैच: 47

| जीत | हार | विनिंग% |
|---|---|---|
| 30 | 17 | 63.81 |

**श्रीलंका** | मैच: 54

| जीत | हार | विनिंग% |
|---|---|---|
| 32 | 21 | 59.26 |

**पाकिस्तान** | मैच: 51

| जीत | हार | विनिंग% |
|---|---|---|
| 30 | 19 | 58.82 |



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **06.02.2026**

## डिस्थीमिया

डिस्थीमिया **(Dysthymia)** एक लंबे समय तक चलने वाला, हल्का लेकिन लगातार रहने वाला अवसादग्रस्तता विकार **(Chronic Depressive Disorder)** है, जिसमें व्यक्ति लगातार उदास और निराशा महसूस करता है, जो गंभीर अवसाद **(Major Depression)** जितना तीव्र न होकर भी जीवन की गुणवत्ता और कामकाज को प्रभावित करता है, और यह स्थिति कई सालों तक बनी रह सकती है, जिसका इलाज थेरेपी और दवाओं से संभव है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



पश्चिम बंगाल की **मुख्यमंत्री ममता बनर्जी** सुप्रीम कोर्ट में एक नया **इतिहास** बना सकती हैं। अगर सुप्रीम कोर्ट ने **अनुमति** दी तो वह खुद अपनी याचिका पर बहस करने वाली देश की पहली मौजूदा **मुख्यमंत्री** होंगी।

# पद्य पंकज

"

संबंध कोई भी हो लेकिन
यदि दु:ख में साथ नहीं दे अपना,
फिर सुख में उन संबंधों का
यह जाता कोई अर्थ नहीं।।

रामधारी सिंह दिनकर


www.padyapankaj.teachersofbihar.org


Madhu priya




/teachersofbihar

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कवि प्रदीप
जन्म - 06 फ़रवरी 1915
मृत्यु -11 सितम्बर 199
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
खान अब्दुल गफ्फार खान
जन्म: 6 फरवरी 1890
मृत्यु: 20 जनवरी 1988
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

**पुण्यतिथि विशेष**

**06 फरवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो समाज से पाया है, उसे समाज को लौटा देना ही महापुरुषों का कर्तव्य होता है।



**- लता मंगेशकर**

(भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी)

**(28 सितम्बर 1929 - 6 फरवरी 2022)**

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org